Chapter- 2


# वर्ण विचार

## STUDY NOTES

- **वर्ण**

  भाषा की सबसे छोटी इकाई या ध्वनि जिसके टुकडे नहीं किए जा सकते, उसे वर्ण या अक्षर कहते हैं।

- **वर्ण दो प्रकार के होते हैं।**




१. **स्वर:** जिन वर्णों का उच्चारण बिना किसी अन्य वर्ण की सहायता से किया जाता है, उन्हें स्वर कहते हैं।

उदाहरण: अ, आ, इ, ई, उ, ऊ, ऋ, ए, ऐ, ओ, औ, अं, अँ, अ:

२. **व्यंजन:** जिन वर्णों के उदाहरण के लिए स्वरों की सहायता लेनी पड़ती है, उन्हें व्यंजन कहते है।

उदाहरण:

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| क | - | क | ख | ग | घ | ङ |
| च | - | च | छ | ज | झ | ञ |
| ट | - | ट | ठ | ड | ढ | ण |
| त | - | त | थ | द | ध | न |
| प | - | प | फ | ब | भ | म |
| | | य | र | ल | व | |
| | | श | ष | स | ह | |
| | | क्ष | त्र | ज्ञ | श्र | |

- **संयुक्त व्यंजन**: दो व्यंजनों के मेल से बने व्यंजन संयुक्त व्यंजन कहलाते हैं।

  उदाहरण:

  क्ष - क् + ष :- कक्ष, रक्षा

  त्र - त् + र :- पत्र, मित्र

  ज्ञ - ज् + ञ :- यज्ञ, ज्ञान

  श्र - श् + र :- परिश्रम, आश्रम

- **वर्णमाला**: भाषा में वर्णों के एक निश्चित क्रम में बंधे समूह को वर्णमाला कहते हैं।

- **‘र’ वर्ण से बनने वाले कुछ शब्द।**

  **‘र’ - सरस, रात**

  **‘र्’ - खर्च,बर्षा**

  **‘्र’ - ट्रेन, ड्रामा**

  **‘ / ’ - प्रथा, ग्राहक**

EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

## आइए अब लिखें:

१.    बॉक्स में दिए गए शब्दों को उनके उचित स्वर के सामने लिखिए।

क) आ - आरी, आदर

ख) ए - एक, एकता

ग) ऋ - ऋतु, ऋषभ

घ) उ - उल्लू, उनचास

२.    चित्र देखकर सही जगह पर अनुस्वार या अनुनासिक का प्रयोग करते हुए शब्द पूरे कीजिए।

क) मदिर - **मंदिर** 

ख) बदर - **बंदर** 

ग) चाद - **चाँद** 

घ) दात - **दाँत** 

३.    चित्र देखकर शब्दों मे उचित मात्रा लगाइए।

क) सम...सा - **समोसा** 

ख) थल - **थैला** 

ग) झल - **झूला** 

घ) सबह - **सुबह** 

ङ) जर...ब - **जुराब** 

च) ल...लटन - **लालटेन** 

४.    निम्नलिखित वर्णों को मिलाकर शब्द बनाइए।

क) च् + उ + ह + इ + य् + आ = चुहिया

ख) क् + अ + व् + इ + त् + आ = कविता

ग) न् + अ + व् + ई + न् + अ = नवीन

घ) म् + औ + स् + अ + म् + ई = मौसमी

५.	बॉक्स में से 'र' का सही रूप खोजकर शब्द पूरा करें।

क)  बर्षा

ख)  भ्रमण

ग)  ट्रक

घ)  रजाई

©©©

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow